उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड, प्रयागराज।

पत्रांकः– 6846 /वाद/74–2021/ 2021–22 दिनांक 25/01/ 2022

विज्ञप्ति

विज्ञापन संख्या–01/2011 द्वारा विज्ञापित देवीपाटन मण्डल, संस्था प्रधान वर्ग–03 (बालकों के हाईस्कूल) के प्रति चयनित अभ्यर्थियों का पैनल कार्यालय के पत्रांकः 6266/चयन/83/2020–21 दिनांक 04.08.2020 को जारी किया गया था लेकिन स्पेशल अपील संख्या–46/2018 श्री सुब्रत राजन मा0 उच्च न्यायालय के आदेश दिनांक 07.02.2018 में Status Co के कारण श्री गांधी आदर्श विद्यालय इण्टर कालेज खरगूपुर गोण्डा संस्था प्रधान वर्ग–03 (बालकों के हाईस्कूल) का परिणाम बोर्ड द्वारा घोषित नही किया गया।

विधिक राय में उक्त विशेष अपील में पारित आदेश वरिष्ठता के विवाद से सम्बन्धित होने एवं संस्था प्रधान पद पर चयन से सम्बन्धित नही होने के कारण परिणाम घोषित करने में कोई विधिक बाधा नही बतायी गयी। इसके दृष्टिगत बोर्ड द्वारा विज्ञापन संख्या–1/2011 संस्था प्रधान वर्ग–03 (बालकों के हाईस्कूल) के सापेक्ष श्री गांधी आदर्श विद्यालय इण्टर कालेज खरगूपुर गोण्डा के प्रधानाध्यापक पद के तैयार पैनल को घोषित किये जाने एवं तद्नुसार याचिका संख्या–1751/2021 डॉ0 कृष्ण देव द्विवेदी बनाम उ0प्र0 शासन व अन्य में पारित मा0 उच्च न्यायालय के आदेश दिनांक 29.01.2021 के अनुपालन में याची के प्रत्यावेदन निस्तारण का निर्णय लिया गया।

25-01-2022

सचिव

उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड,

प्रयागराज।